(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF FINANCE (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) and (b) Numerous representations have been received from various quarters, suggesting increase in the income limit for tax purposes.

The suggestions made in the various representations will be considered during the budgetary exercise for the Budget 1990-91. The decision of the Government will be reflected in the Finance Bill, 1990 which will be introduced in the Parliament during its Budget Session.

Advice of World Watch Institute of USA on abandoning of the Sardar Sarovar Project

354. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that World Watch Institute of USA advised India to abandon the Sardar Sarovar Project and instead to have hundreds of smaller irrigation projects; and

(b) if so, what is Governments reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI MANOBHAI KOTADIA): (a) No such recommendation has come to the notice of the Government.

(b) Does not arise.

बिहार के धनबाद कोयला क्षेत्र के बैंकों में फर्जी तथा बेनामी खाते

355. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार धनबाद के कोयला क्षेत्र में बैंकों की विभिन्न शाखाओं में बहुत बड़ी संख्या में फर्जी तथा बेनामी खाते खुले हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस बारे में कोई छानबीन करने का विचार रखती है ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) और (ख) धनबाद कोयला क्षेत्र में अपनी जांच-पड़ताल के दौरान आयकर प्राधिकारियों को कतिपय संदिग्ध बेनामी बैंक खातों का पता चला है । इनमें से कुछ खातों के बारे में केन्द्रीय जांच ब्यूरो भी जांच-पड़ताल कर रहा है । इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि बेनामी या फर्जी खाते न खोले जाएं, इस बारे में भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को विस्तृत मार्ग निर्देश जारी किए हैं ।

भारतीय रिजर्व बैंक को स्वायत्तशासी संस्था का दर्जा दिया जाना

356. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक को स्वायत्तशासी निकाय बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) और (ख) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अन्तर्गत स्थापित एक सांविधिक निकाय होने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के पास अधिनियम के उपबंधों के तहत उसे सौंपे गए कार्यों के निष्पादन के लिये अपेक्षित शक्तियां हैं । भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यकरण में सुधार लाने के लिये सरकार समय-समय पर अधिक स्वायत्तता देने के साथ-साथ अन्य यथा अपेक्षित कार्रवाई करेगी ।

देश में सोने की तस्करी

357. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में देश में सोने की तस्करी में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो इसके मुख्य कारण क्या हैं; और